# MP BOARD CLASS 10 HM SOCIAL SCIENCE MODEL PAPER SET 5 2020

## म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM सामाजिक विज्ञान मोडल पेपर सेट 5 2020

समय : 3 घण्टे प्रणांक: 100

निर्देश- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. प्रश्न-पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं खण्ड 'अ' और खण्ड 'ब'।

3. खण्ड 'अ' में दिये गये प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ एवं अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

4. खण्ड 'ब' में प्रश्न क्रमांक 6 से 26 तक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

5. प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक के प्रश्नों में 2 अंक आबंटित हैं।

6. प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक के प्रश्नों में 3 अंक आबंटित हैं।

7. प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक के प्रश्नों में 4 अंक आबंटित हैं।

8. प्रश्न क्रमांक 22 से 26 तक के प्रश्नों में 5 अंक आबंटित हैं

### खण्ड 'अ'

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए

1. लोकसभा भंग करने का अधिकार होता है -

(क) लोकसभा अध्यक्ष (ख) प्रधानमंत्री (ग) राष्ट्रपति (घ) नेता प्रतिपक्ष ।

2. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में बुन्देलखण्ड के प्रमुख सेनानी थे -

(क) कुँवर सिंह (ख) बख्तार सिंह (ग) तात्या टोपे (घ) अहमदुल्ला खाँ।

3. वन महोत्सव के जन्मदाता हैं-

(क) महात्मा गाँधी (ख) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (ग) के. एम. मुंशी (घ) आचार्य विनोबा भावे।

4. नशा मुक्ति के लिए महानिषेध अभियान किसने चलाया था-

(क) जवाहर लाल नेहरू (ख) महात्मा गाँधी (ग) स्वामी विवेकानन्द (घ) लाल बहादुर शास्त्री।

5. पूँजीवादी में आर्थिक शक्तियों का संचालन होता है –

(क) लोकतन्त्र (ख) मूल्य तन्त्र (ग) राज्य तन्त्र (घ) उपर्युक्त सभी।

उत्तर-1. (ग), 2. (ग), 3. (ग),4. (ख), 5. (ख)।

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. वन अग्नि नियंत्रण परियोजना ............... के सहयोग से संचालित है।

2. भारत की स्वाधीनता के समय ............ भारत के वायसराय थे।

3. लोकसभा में बहुमत दल का नेता ............... बनता है।

4. इण्डिया विजन 2020 का प्रकाशन वर्ष .................. में हुआ था।

5. अर्थव्यवस्था को ................ क्षेत्रों में विभाजन किया गया है।

उत्तर-1. U.N.D.P., 2. लॉर्ड माउन्टबेटन, 3. प्रधानमंत्री, 4. जनवरी, 2003, 5. तीन ।

प्रश्न 3. एक शब्द /वाक्य में उत्तर दीजिए-

1. भारत में पशुओं पर आधारित दो उद्योग कौन-कौन से हैं ?

2 फूट डालो शासन करो की नीति किसने चलायी थी? ।

3. जम्मू कश्मीर को किस अनुच्छेद के अन्तर्गत विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है ?

4. फूट डालो और शासन करो यह किस प्रकार की नीति थी?

5. राष्ट्रीय आय का वित्त वर्ष क्या है ?

उत्तर-1. चमड़ा उद्योग, दुग्ध उद्योग, 2. लॉर्ड कर्जन, 3. अनुच्छेद 370,4. अंग्रेज, 5: 1 अप्रैल से 31 मार्च।

प्रश्न 4. सत्य/असत्य बताइए-

1. भारत में पहली रेलगाडी सन 1853 में चली थी।

2. भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है।

3. जनसंख्या विस्फोट से संसाधनों की कमी हो जाती है।

4. बिजली के उपकरण पर आई.एस.आई. का चिन्ह रहता है।

5. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम वर्ष 1986 में लागू हुआ।

उत्तर- 1. सत्य, 2. सत्य, 3.सत्य, 4. सत्य, 5. सत्य।

प्रश्न 5. सही जोड़ी मिलाइए-

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. सुनामी | (क) डॉ. अम्बेडकर |
| 2. संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष | (ख) अमर्त्य सेन |
| 3. आर्थिक कल्याण | (ग) प्राथमिक क्षेत्र |
| 4. मछली पालन | (घ) द्वितीयक |
| 5. सीमेण्ट का कारखाना | (ङ) 26 दिसम्बर, 2004। |

उत्तर-1. (ङ), 2. (क), 3. (ख), 4. (ग), 5. (घ)।

## खण्ड 'ब'

प्रश्न 6. मृदा संरक्षण से आप क्या समझते हैं ?

अथवा, वन महोत्सव कार्यक्रम क्या है?

प्रश्न 7. हड़प नीति क्या थी ?

अथवा, सन् 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के प्रमुख नेताओं के नाम बताइए।

प्रश्न 8. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अन्तगत किस प्रकार के श्रम का रोजगार दिया जाता है ?

अथवा, मुद्रा के कोई दो कार्य लिखिए।

प्रश्न 9. सेवा-क्षेत्र क्या है ?

अथवा, अधोसंरचना के प्रमुख अंगों के नाम लिखिए।

प्रश्न 10. राइट टू इन्फॉर्मेशन क्या है ?

अथवा, कालाबाजारी किसे कहते हैं ?

प्रश्न 11. मृदा संरक्षण क्यों आवश्यक है? मृदा अपरदन के कारण एवं संरक्षण के उपाय बताइए।

अथवा, जल संसाधन के प्रमुख स्रोत क्या हैं? जल संसाधन का मानव जीवन में क्या महत्व है?

प्रश्न 12. दिसम्बर, 1988 की वन नीति की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

अथवा, "वन भारत के लिए वरदान है।" सत्यापित कीजिए।

प्रश्न 13. अंग्रेजी शासन से भारतीय शासकों में असंतोष के क्या कारण थे ?

अथवा, सन् 1857 की क्रान्ति की असफलता के कारण लिखिए।

प्रश्न 14. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

अथवा, गरम-दल, नरम-दल की अपेक्षा ज्यादा शक्तिशाली थे। क्यों ?

प्रश्न 15. लोहा और इस्पात को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है ?

अथवा, खनन उद्योग को लुटेरा उद्योग क्यों कहा जाता है ?

प्रश्न 16. संचार से क्या आशय है ? इसके साधनों को संक्षेप में समझाइए।

अथवा, भारत में निर्यात संवर्द्धन के लिए किए गए प्रयासों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 17. सूखा आपदा से निपटने के कोई चार उपाय लिखिए।

अथवा, आपदा प्रबंध पर लेख लिखिए।http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 18. खिलाफत आन्दोलन से क्या तात्पर्य है ? इस आन्दोलन के प्रति कांग्रेस का क्या रवैया था ?

अथवा, भारत छोड़ो आन्दोलन की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 19. आपातकाल क्या है ? यह कब लागू किया जाता है ?

अथवा, सन् 1971 के भारत-पाक युद्ध के परिणाम लिखिए।

प्रश्न 20. भारतीय नागरिकों के मौलिक कर्तव्य क्या हैं? वर्णन कीजिए।

अथवा, संविधान का क्या महत्व है ? लिखिए।

प्रश्न 21. मिश्रित अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं एवं मिश्रित अर्थव्यवस्था के दोष लिखिए।

अथवा, पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के गुण-दोषों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 22. मौसम मानचित्र की पाँच विशेषताएँ लिखिए।

अथवा, निम्न मौसमी दशाओं को स्पष्ट करने हेतु संकेत बताइए

(i) कुहरा (ii) ओला, (iii) हिम, (iv) वर्षा, (v) शांत वायु।

प्रश्न 23. सविनय अवज्ञा आन्दोलन का क्या अभिप्राय है ? इसके कार्यक्रम एवं महत्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा, महात्मा गाँधी द्वारा चलाये गये तीन आन्दोलनों का विवरण दीजिए।

प्रश्न 24. भारत-चीन युद्ध में एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा चीन ने क्यों की?

अथवा, सन् 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के परिणाम लिखिए।

प्रश्न 25. संसद में विधेयक पारित होने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

अथवा, प्रधानमंत्री के कार्यों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 26. जनसंख्या विस्फोट क्या है ? समाज पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को लिखिए।

अथवा, भारत के प्रजातंत्र की सफलता में बाधक तत्वों को समझाइए।

..............